Roll No. ..................................................

Total No. of Questions : 9] [Total No. of Printed Pages : 8

**X**

**2323**

**वार्षिक परीक्षा प्रणाली**

**HINDI**

**(Morning Session)**

**Time Allowed : 3 Hours** **Maximum Marks : 80**

**नोट :** (i) *अपनी उत्तर-पुस्तिका के मुख पृष्ठ पर विषय-कोड/पेपर-कोड वाले खाने में विषय-कोड/पेपर-कोड **03/C** अवश्य लिखें ।*

(ii) *उत्तर-पुस्तिका लेते ही इसके पृष्ठ गिनकर देख लें कि इसमें मुख पृष्ठ सहित **24** पृष्ठ हैं एवं सही क्रम में हैं ।*

(iii) *उत्तर-पुस्तिका में खाली छोड़े गए पृष्ठ/पृष्ठों के पश्चात् प्रश्न/प्रश्नों के उत्तरों का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा ।*

(iv) *कोई अतिरिक्त शीट नहीं मिलेगी । अतः उत्तर आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा हुआ उत्तर न काटें ।*

(v) *प्रत्येक प्रश्न का उत्तर समाप्त होने पर एक लाइन लगा दें ।*

(vi) लिखाई सुंदर एवं साफ़ हो ।

**भाग – क**

**1.** **I.** निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिए गए बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *4×1=4*

करके मीन मेख सब ओर,
किया करें बुध वाद कठोर,
शाखामयी बुद्धि तजकर वे मूल धर्म धरते हैं
हम राज्य लिए मरते हैं ।

(i) कौन-से लोग हर बात में दोष निकालकर व्यर्थ में बहस करते हैं ?

(क) दुष्ट (ख) बुद्धिमान (विद्वान)

(ग) किसान (घ) लालची

(ii) व्यर्थ की बातों को त्यागकर मूल धर्म (सहज धर्म) को कौन-से लोग अपनाते हैं ?

(क) किसान (ख) अमीर

(ग) झगड़ालू (घ) हिंसक



https://www.punjabboardonline.com

(iii) 'तजकर' शब्द का क्या अर्थ है ?

(क) अपनाकर (ख) त्यागकर

(ग) जमा करके (घ) छीनकर

(iv) इस पद्यांश का केंद्रीय भाव क्या है ?

(क) इसमें विद्वानों तथा किसानों द्वारा हर बात में दोष निकालकर व्यर्थ में बहस करने के बारे में बताया गया है ।

(ख) इसमें किसानों द्वारा हर बात में दोष निकालकर व्यर्थ में बहस करने के बारे में बताया गया है ।

(ग) इसमें किसानों के सहज जीवन की प्रसंशा करते हुए राज्य के लिए व्यर्थ ही लड़ने-मरने वालों के जीवन को व्यर्थ कहा गया है ।

(घ) इसमें राज्य के लिए व्यर्थ ही लड़ने-मरने वालों के जीवन की प्रशंसा करते हुए किसानों के सहज जीवन को व्यर्थ कहा गया है ।

**II.** निम्नलिखित मुहावरे/लोकोक्तियों के बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *3×1=3*

(i) 'ईंट का जवाब पत्थर से देना' मुहावरे का क्या अर्थ है ? सही विकल्प चुनिए ।

(क) मुँह तोड़ जवाब देना / कठोर के साथ कठोरता का व्यवहार करना ।

(ख) ईंट और पत्थर मारना ।

(ग) ईंट मारना ।

(घ) ईंट मारने वाले को पत्थर से मारना ।

(ii) 'अपना लाल गंवाय के दर-दर माँगे भीख' लोकोक्ति का क्या अर्थ है ? सही विकल्प चुनिए ।

(क) अपना लाल गँवा देना ।

(ख) अपने लाल से भीख मँगवाना ।

(ग) अपनी वस्तु लापरवाही से नष्ट करके दूसरों से माँगते फिरना ।

(घ) भीख माँगना अच्छी बात नहीं ।

(iii) 'अधूरा छोड़े सो पड़ा रहे' लोकोक्ति का क्या अर्थ है ? सही विकल्प चुनिए ।

(क) थकने से अच्छा है, काम अधूरा छोड़ देना चाहिए ।

(ख) काम पूरा न हो तो थककर बैठ जाना बेहतर होता है ।

(ग) जो कार्य बीच में छोड़ दिया जाता है तो वह प्राय: अधूरा ही रह जाता है ।

(घ) सारे कामों को अधूरा छोड़कर फिर उन्हें बारी-बारी से पूरा करना चाहिए ।



https://www.punjabboardonline.com

**III.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *5×1=5*

कविवर रवींद्रनाथ टैगोर को नोबल पुरस्कार मिला । देश-विदेश से बधाई के संदेश आए । उनके पड़ोसी ने उन्हें बधाई नहीं दी । टैगोर को यह व्यवहार अखरा, लेकिन उन्होंने उसे भुलाने की कोशिश की, पर भुला नहीं पाए । बार-बार उनके सामने उसका चेहरा आ जाता था । वह जब-जब उसके बारे में सोचते तब-तब क्रोध से भर जाते । अगली सुबह वह समुद्र के किनारे टहल रहे थे । सूर्य की किरणों में सागर चाँदी-सा चमक रहा था । तभी उनकी नज़र करीब ही पानी से भरे गड्ढे पर पड़ी । वहाँ भी सूर्य की किरणें बराबर पड़ रहीं थीं । तभी उन्हें ख्याल आया कि सूर्य ने तो सब पर बराबर किरणें फैलाई हैं । उसने तो समुद्र और गड्ढे में कोई अंतर नहीं किया । टैगोर को अपनी ग़लती का अहसास हुआ कि यदि दूसरा अपनी उदारता छोड़ रहा है तो वे क्यों छोड़ें ? तत्काल उन्होंने उसके घर जाकर उनके चरण-स्पर्श किए । उसकी आँखें गीली हो गईं । वह बोला कि आप जैसे देवतुल्य को यह पुरस्कार मिलना ही चाहिए था । यह कहकर उसने टैगोर के चरण-स्पर्श किए । दोनों के बीच की दूरी मिट गई । उन्हें ज्ञात हो गया था कि जीवन में क्रोध सद्‌गुणों का नाशक होता है । अत: जीवन में कभी क्रोध नहीं करना चाहिए ।

(क) रवींद्रनाथ को पड़ोसी का व्यवहार क्यों अखरा ?

(ख) पड़ोसी के व्यवहार से टैगोर का व्यवहार किस प्रकार प्रभावित हो रहा था ?

(ग) पड़ोसी ने अपने व्यवहार की भूल किस प्रकार सुधारी ?

(घ) 'पुरस्कार' शब्द का क्या अर्थ है ?

(ङ) उपर्युक्त गद्यांश का केन्द्रीय भाव लिखिए ।

**IV.** निर्देशानुसार उत्तर दीजिए : *6×1=6*

(i) 'सप्ताह' शब्द का विशेषण 'सप्ताहिक' होता है । इस कथन के सही होने पर 'सही' और ग़लत होने पर 'ग़लत' में उत्तर दीजिए । (सही/ग़लत)

(ii) समरूपी भिन्नार्थक शब्द 'दिन – दीन' में 'दिन' का अर्थ 'दिवस' और 'दीन' का अर्थ 'ग़रीब' होता है । इस कथन के सही होने पर 'सही' और ग़लत होने पर 'ग़लत' में उत्तर दीजिए । (सही/ग़लत)

(iii) 'उपकार को न मानने वाला' अनेक शब्दों के लिए का एक शब्द होगा – 'कृतज्ञ' । इस कथन के सही होने पर 'सही' और ग़लत होने पर 'ग़लत' में उत्तर दीजिए । (सही/ग़लत)

[Turn over



https://www.punjabboardonline.com

(iv) 'स्वाधीन' शब्द का विलोम (विपरीत) शब्द ________ होगा। सही उत्तर से रिक्त स्थान भरिए।

(v) निम्नलिखित विकल्पों में से 'कुल' शब्द के अनेकार्थी (अनेकार्थक) शब्द का सही विकल्प के साथ रेखा खींचकर मिलान कीजिए।

कुल (क) वंश, किरण
(ख) घना, सारा
(ग) वंश, सारा

(vi) दूध में कौन गिर गया है ? इस वाक्य को शुद्ध करके लिखिए।

**V.** निर्देशानुसार उत्तर दीजिए : 4×1=4

(i) निर्बल पुरुष किस प्रकार का साथ ढूँढ़ते हैं ? 'मित्रता' निबंध के आधार पर एक वाक्य में उत्तर दीजिए। https://www.punjabboardonline.com

(ii) किस तेजस्वी पुरुष के अनुभव ने लेखक को हिला दिया ? 'मैं और मेरा देश' निबंध के आधार पर एक वाक्य में उत्तर दीजिए।

(iii) 'सूखी डाली' एकांकी में दादा मूलराज के बड़े पुत्र की मृत्यु सन 1913 में महायुद्ध में सरकार की ओर से लड़ते-लड़ते हुई। इस कथन के सही होने पर 'सही' और ग़लत होने पर 'ग़लत' में उत्तर दीजिए। (सही/ग़लत)

(iv) 'देश के दुश्मन' एकांकी में जयदेव को स्वागत-सभा में ________ रुपए इनाम में देने के लिए सोचा गया। सही उत्तर देकर रिक्त स्थान भरिए।

**VI.** निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों में से सही विकल्प को चुनिए : 4×1=4

(i) 'परोपकार' शब्द का संधि-विच्छेद सही विकल्प चुनकर लिखिए :

(क) पर + ओपकर (ख) परो + उपकार
(ग) परो + पकार (घ) पर + उपकार

(ii) 'कार्यकुशल' समस्त पद का सही समास विग्रह चुनिए :

(क) कार्य से कुशल
(ख) कार्य द्वारा कुशल
(ग) कार्य में कुशल
(घ) कार्य के लिए कुशल


https://www.punjabboardonline.com

(iii) 'हिंदू' शब्द की सही भाववाचक संज्ञा चुनिए :

(क) हिंदूत्व —(ख) हिंदुत्व

(ग) हिंदुतव (घ) हिंदूतव

(iv) निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'कमल' का पर्यायवाची है :

(क) नीरद (ख) नीरधि

—(ग) नीरज (घ) जलद

VII. निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों में से सही विकल्प को चुनिए : 4×1=4

(i) 'पदावली' पाठ के अनुसार मीरा किसे अपने नयनों में बसाना चाहती है ?

(क) श्री कृष्ण को

(ख) श्री राम को

(ग) यशोदा को

(घ) चंद्रमा को

(ii) 'नीति के दोहे' पाठ के अनुसार रहीम जी के अनुसार सच्चे मित्र की क्या पहचान है ?

(क) जो खूब पढ़ाई करे ।

(ख) जो विपत्ति से घबराता हो ।

(ग) जो विपत्ति में भागकर अपनी जान बचाए ।

(घ) जो विपत्ति में अपने मित्र के काम आए ।

(iii) 'ममता' कहानी के अनुसार ममता कौन थी ?

(क) अकबर की विधवा पुत्री

(ख) शेरशाह सूरी की विधवा पुत्री

(ग) मंत्री चूड़ामणि की विधवा पुत्री

(घ) मिरजा की विधवा पुत्री

(iv) 'अशिक्षित का हृदय' कहानी के अनुसार मनोहर सिंह ने रुपए लौटाने की मोहलत कब तक की माँगी थी ?

(क) एक सप्ताह (ख) बीस दिन

(ग) एक महीना (घ) एक साल



https://www.punjabboardonline.com

## भाग – ख

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर तीन या चार पंक्तियों में दीजिए : 3×2=6

(i) राजेंद्र बाबू को देखकर हर किसी को यह क्यों लगता था कि उन्हें पहले कहीं देखा है ? 'राजेंद्र बाबू' निबंध के आधार पर उत्तर दीजिए ।

(ii) गुरु नानक देव जी की रचनाओं के नाम लिखिए । 'श्री गुरु नानक देव' निबंध के आधार पर उत्तर दीजिए ।

(iii) 'सूखी डाली' एकांकी से दादा जी कर्मचंद की किस बात से चिंतित हो जाते हैं ?

(iv) मरी हुई भिखारिन और उसके दोनों बच्चों को उसके सूखे शरीर से चिपककर रोते हुए देखकर चित्रा ने क्या किया ? 'दो कलाकार' कहानी के आधार पर उत्तर दीजिए ।

(v) मंदिर में लगाए शिलालेख पर क्या लिखा गया ? 'ममता' कहानी के आधार पर उत्तर दीजिए ।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर छह या सात पंक्तियों में दीजिए : 3×4=12

(i) 'ममता' कहानी से आपको क्या शिक्षा मिलती है ?

(ii) जिस समय गुरु नानक देव जी का जन्म हुआ उस समय भारतीय समाज की क्या स्थिति थी ? 'श्री गुरु नानक देव' निबंध के आधार पर उत्तर दीजिए ।

(iii) 'क्या वह साँचा टूट गया जिसमें ऐसे कठिन कोमल चरित्र ढलते थे ।' 'राजेंद्र बाबू' निबंध के आधार पर आशय स्पष्ट कीजिए ।

(iv) जयदेव ने तस्करों को कैसे पकड़ा ? 'देश के दुश्मन' एकांकी के आधार पर उत्तर दीजिए ।

(v) 'अशिक्षित का हृदय' कहानी के आधार पर तेजा सिंह का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

## भाग – ग

4. निम्नलिखित पंजाबी गद्यांश का हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 4

ਮੋਬਾਇਲ ਅੱਜ ਸਾਡੀ ਜ਼ਿੰਦਗੀ ਦਾ ਅਹਿਮ ਹਿੱਸਾ ਬਣ ਗਿਆ ਹੈ । ਫਿਰ ਵੀ ਸਾਨੂੰ ਇਸ ਦਾ ਬੜੀ ਹੀ ਸਮਝਦਾਰੀ ਨਾਲ਼ ਪ੍ਰਯੋਗ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ । ਕੇਵਲ ਬਹੁਤ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹੋਣ 'ਤੇ ਹੀ ਮੋਬਾਇਲ ਫ਼ੋਨ ਦਾ ਪ੍ਰਯੋਗ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ।



https://www.punjabboardonline.com

## भाग – घ

5. आपका नाम हरिराम है । आपकी सेक्टर-14, यमुनानगर में एक दस माले की कोठी है । आप इसे बेचना चाहते हैं । आपका मोबाइल नम्बर 1456894566 है, जिस पर कोठी खरीदने के इच्छुक आपसे सम्पर्क कर सकते हैं । वर्गीकृत विज्ञापन के अन्तर्गत 'कोठी बिकाऊ है' का प्रारूप तैयार करके लिखिए । 4

**अथवा**

आपका नाम मुकेश वर्मा है । आपके 'माँ सरस्वती विद्यालय' जगाधरी के दसवीं कक्षा के विद्यार्थी शैक्षिक भ्रमण हेतु दिनांक 14 सितम्बर, 2023 को रॉक गार्डन देखने चंडीगढ़ जा रहे हैं । आप स्कूल के छात्रसंघ के सचिव हैं । आप अपनी ओर से इस सम्बन्ध में एक सूचना तैयार कीजिए । 4

## भाग – ङ

6. आपका नाम मोनिका मोंगा है । आप बाल निकेतन पब्लिक स्कूल हरिद्वार में दसवीं-सी कक्षा में पढ़ती हैं । आपका रोल नंबर-4 है । अपने स्कूल के मुख्याध्यापक को एक आवेदन पत्र लिखिए, जिसमें बड़ी बहन के विवाह में शामिल होने के लिए चार दिन का अवकाश माँगा गया हो । 7

**अथवा**

आपका नाम चंपक लाल है । आप मकान नंबर-45, सुन्दर नगर में रहते हैं । आपका मोबाइल नंबर 1666868684 है और आपकी ई.मेल आई.डी champaklal@yahoo.co.in है । आप अपनी ओर से नगर निगम, सुन्दर नगर के स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखकर उनसे अपने क्षेत्र/मोहल्ले की सफाई कराने के लिए प्रार्थना-पत्र लिखिए । 7

7. निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर लगभग 100 शब्दों में निबंध लिखिए : *1×7=7*

(क) गाँव का खेल मेला

(ख) मेरे जीवन का लक्ष्य

(ग) जनसंचार के माध्यम

[Turn over



https://www.punjabboardonline.com

8. निम्नलिखित में से किसी ***एक*** प्रपत्र को अपनी उत्तर-पुस्तिका पर उतारकर भरिए : *1×5=5*

मान लें कि आपका नाम विकास कुमार है । आपका भारतीय डाक के सेक्टर-17, चंडीगढ़ में एक बचत खाता है, जिसका नम्बर 2673455623 है । आपको अपने इस खाते में से दिनांक 24.08.2023 को ₹ 3,200 निकलवाने हैं । इस अनुसार निम्नलिखित प्रपत्र भरिए :

> **रुपए निकलवाने का फार्म**
> **(जमाकर्ता द्वारा भरा जाए)**
> **डाकघर का नाम : सेक्टर-17, चंडीगढ़**
> **बचत बैंक आहरण प्रपत्र**
>
> दिनांक : __________
>
> बचत खाता नम्बर ______________________________
>
> कृपया मुझे ______________ ₹ (रुपए अंकों में) ______________ (रुपए शब्दों में) का भुगतान करें ।
>
> जमाकर्ता के हस्ताक्षर ______________

**अथवा**

मान लें कि आपका नाम धनंजय पुरी है । आपका सुविधा बैंक, शाखा होशियारपुर में एक बचत खाता है, जिसका नम्बर 33554234554 है । आपको अपने इस खाते में ₹ 25,000 जमा करवाने हैं । इस अनुसार निम्नलिखित प्रपत्र भरिए :

> **सुविधा बैंक, शाखा होशियारपुर**
> **बैंक में रुपए जमा करवाने के लिए प्रपत्र**
>
> जमा बचत खाता नम्बर ______________________ जो कि ______________ के नाम से है, में रुपए ______________ (रुपए अंकों में) ______________ (रुपए शब्दों में) जमा करें ।
>
> जमाकर्ता के हस्ताक्षर ______________

https://www.punjabboardonline.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से

9. सुंदर लिखाई



https://www.punjabboardonline.com